Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# Rajasthan
## Police Constable
## Paper 2022
### Previous Year Paper
### 02 July 2022

Teachingninja.in

| प्रश्न–पुस्तिका | प्रश्न–पुस्तिका में 32 पृष्ठ हैं | प्रश्न–पुस्तिका संख्या | प्रश्न–पुस्तिका सीरीज़ |
|---|---|---|---|
| **P-1** | | | **E** |

**जब तक आपको कहा न जाए तब तक आप प्रश्न–पुस्तिका को नहीं खोलें।**

| समय : दो घण्टे | अनुदेश | पूर्णांक : 150 |
|---|---|---|

रोल नम्बर

1. कृपया अपने रोल नम्बर ओ.एम.आर. पर सावधानीपूर्वक सही भरें।
   गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
2. प्रश्न–पुस्तिका हल करने से पूर्व परीक्षा प्रारम्भ होते ही प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. की भलीभाँति जाँच कर यह सुनिश्चित कर लें कि :
   - प्रश्न–पुस्तिका संख्या एवं **OMR Answer Sheet No.** एक समान हैं।
   - प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. की सीरीज समान हैं।
   - प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. के सभी पृष्ठ सही छपे हुए हैं। प्रश्न–पुस्तिका में प्रश्न संख्या 1 से प्रश्न संख्या 150 तक सभी प्रश्न क्रमवार मुद्रित हैं एवं सभी पृष्ठ क्रमवार मौजूद हैं।
3. किसी भी प्रकार की विसंगति होने या दोषपूर्ण होने पर प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. का दूसरा लिफाफा अभिजागर से प्राप्त कर लें। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसी स्थिति में किसी दावे/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उसमें समस्त जिम्मेदारी परीक्षार्थी की होगी।
4. इस प्रश्न–पुस्तिका में कुल 150 प्रश्न हैं।
5. यह एक वस्तुनिष्ठ परीक्षा है, जिसमें प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए चार विकल्प दिये गये हैं। आपको इन चार विकल्पों में से सही उत्तर वाले एक ही विकल्प को चुनना है। यदि आपको लगता है कि एक से अधिक उत्तर सही हैं तो आप उस उत्तर का चयन करें जो आपको सर्वाधिक सही लगे।
6. सभी प्रश्नों के उत्तर अलग से दिये गये ओ.एम.आर. पर ही अंकित करने हैं।
7. ओ.एम.आर. को भरने हेतु निर्देश ओ.एम.आर. के पृष्ठ भाग पर अंकित हैं, जिन्हें ओ.एम.आर. को भरने से पूर्व ध्यान से पढ़ लें।
8. इस प्रश्न–पुस्तिका में रफ–कार्य के लिए खाली पृष्ठ उपलब्ध हैं।
9. परीक्षा समाप्त होने से पूर्व परीक्षार्थी कक्ष से बाहर नहीं जा सकते हैं।
10. परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् परीक्षार्थी प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. की **ORIGINAL COPY** एवं **DEPARTMENT COPY** को अभिजागर के पास जमा कराकर उनकी अनुमति से ही परीक्षा कक्ष छोड़ें।
11. परीक्षा समाप्त होने पर केवल ओ.एम.आर. (**OMR**) की **CANDIDATE'S COPY** को अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
12. प्रश्नों के लिए अंक मूल्यांकन व्यवस्था :
    (i) प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक दिया जाऐगा एवं प्रत्येक गलत उत्तर के लिए ¼ अंक काटा जायेगा।
    (ii) यदि परीक्षार्थी किसी प्रश्न का एक से अधिक उत्तर देता है, तो उसे गलत मानते हुए ऐसे प्रत्येक उत्तर के लिए ¼ अंक काटा जायेगा।
    (iii) यदि परीक्षार्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उसका कोई भी उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई अंक नहीं काटा जायेगा।

**चेतावनी –** अगर कोई परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़ा जाता है या उसके पास कोई अनाधिकृत सामग्री पाई जाती है तो उस परीक्षार्थी अभ्यर्थी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही विभाग उसे अपनी समस्त परीक्षाओं से वर्जित कर सकता है।

यह सुनिश्चित कर लें कि आपको दी गई प्रश्न–पुस्तिका सीलबंद है।

परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) ............................................

अनुक्रमांक     अंकों में ............................................

शब्दों में ............................................

परीक्षा केन्द्र का नाम : ............................................

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : ............................................    अभिजागर के हस्ताक्षर : ............................



Teachingninja.in

Teachingninja.in



Teachingninja.in

1. 'बुर्ज़होम' जहाँ अनाजों और पालतू पशुओं की अस्थियों के प्रमाण मिले हैं, वर्तमान में कहाँ स्थित है?

A. कश्मीर B. उत्तर प्रदेश C. बिहार D. झारखंड

2. 1906 के कांग्रेस अधिवेशन में किस स्थान पर दादा भाई नौरोजी ने राष्ट्रीय आन्दोलन का उद्देश्य "स्वशासन या स्वराज" निर्धारित किया?

A. कलकत्ता B. पुणे C. बॉम्बे D. मद्रास

3. सरदार वल्लभ भाई पटेल की 140वीं जयंती पर प्रधानमंत्री ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' नामक पहल की घोषणा किस वर्ष की?

A. 2013 B. 2014 C. 2015 D. 2016

4. निम्नलिखित में से कौन-सा, एक सॉफ्टवेयर है जिसके द्वारा ऑपरेटिंग सिस्टम, डिवाइस कंट्रोलर्स के साथ कम्युनिकेट करता है?

A. डिवाइस ड्राईवर B. डिवाइस बफ़र
C. मेमोरी बफ़र D. डिवाइस पोर्ट

5. एक्सेल वर्कशीट के सेल रेंज A11: AA110 में कितने सेल्स होते हैं?
A. 2700 B. 2600 C. 200 D. 101

6. वर्ष 2010 से यूनेस्को की मानवता की सांस्कृतिक विरासत की सूची में कौन-सा नृत्य शामिल किया गया है?

A. कालबेलिया B. कच्ची घोड़ी
C. भवाई D. घूमर

7. 19वीं पशुधन गणना के अनुसार, राजस्थान में पूरे देश का लगभग ______ प्रतिशत पशुधन है।

A. 12.23 B. 11.27 C. 13.34 D. 14.65


Teachingninja.in

8. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(i) डिवाइस ड्राइवर, डिवाइस और डिवाइस का उपयोग करने वाले सॉफ्टवेयर के मध्य, मध्यवर्ती होता है।

(ii) प्लग एंड प्ले डिवाइस के लिए डिवाइस ड्राइवर ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ पहले से लोड होकर आता है।

A. केवल (i)
B. केवल (ii)
C. (i) और (ii) दोनों
D. न तो (i) न ही (ii)

9. महिंद्रा वर्ल्ड सिटी, जयपुर को महिंद्रा समूह और _______ के बीच पी.पी.पी. (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) के माध्यम से विकसित किया गया है।

A. आरआईआईसीओ
B. डब्लूटीओ
C. एफआईसीसीआई (फिक्की)
D. सीआईआई

10. कलिंग किसका प्राचीन नाम है?

A. बंगाल
B. पूर्वी उत्तर प्रदेश
C. असम
D. तटवर्ती ओडिशा

11. निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और एक भिन्न है। उस भिन्न का चयन करें।

A. FKH
B. AFC
C. OTQ
D. SWV

12. दिए गए विकल्पों में से विषम अक्षर समूह का चयन करें।

A. KQW
B. EKQ
C. OUA
D. GMR

13. WWW डोक्यूमेंट्स को बनाने, व्यवस्थित करने और जोड़ने की एक प्रक्रिया है जिसका आविष्कार ________ द्वारा किया गया।

A. स्टीव जॉब्स
B. टिम बर्नर्स ली
C. बिल गेट्स
D. पॉल एलन



Teachingninja.in

14. निम्न प्रश्न में एक कथन और दो अनुमान I एवं II दिए गए हैं। कथन को सत्य मानते हुए निर्णय कीजिये कि कौन-सा/से अनुमान अन्तर्निहित है/ हैं।

**कथन:**

सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्य सरकारों को अगले सत्र से समस्त प्राथमिक विद्यालयों में विशिष्ट शिक्षक नियुक्त करने के आदेश दिए हैं।

**अनुमान:**

I. विद्यालयों में विशिष्ट बच्चों को समस्यायों का सामना करना पड़ रहा है।

II. समावेशी शिक्षा विशिष्ट बच्चों का संवैधानिक अधिकार है।

A. न तो अनुमान I और न ही II अन्तर्निहित है।
B. अनुमान I एवं II दोनों अन्तर्निहित हैं।
C. केवल अनुमान II अन्तर्निहित है।
D. केवल अनुमान I अन्तर्निहित है।

15. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रसिद्ध उपन्यास राजस्थान के नथमल जोशी द्वारा **नहीं** लिखा गया है?

A. आभैपटकी
B. धोरां री छोरी
C. एक बीनणी दो बींद
D. समंद और थार

16. राजस्थान का निम्नलिखित में से कौन-सा जिला मध्य प्रदेश से सीमा साझा **नहीं** करता है?

A. धौलपुर B. कोटा C. बाँसवाड़ा D. भीलवाड़ा

17. फैजा, राहिल की भाभी और साद की माँ है। साद, अनस की माँ का इकलौता नाती है। फैज़ा का अनस के पिता से क्या संबंध है?

A. भाभी B. माँ C. बहन D. पत्नी



Teachingninja.in

18. X #Y मतलब 'X' 'Y' की पत्नी है,
X % Y मतलब 'X' 'Y' का पिता है,
X & Y मतलब 'X' 'Y' की पुत्री है,
X @ Y मतलब 'X' 'Y' की माँ है,

M @ N & O % P # Q, स्थिति के आधार पर M का Q से क्या सम्बन्ध है?

A. पत्नी B. सास C. बहन D. माँ

19. बादशाह अकबर की पत्नी हीर कुंवारी, जिन्हें जोधा बाई के नाम से भी जाना जाता है, किस राजा की पुत्री थीं?

A. सूरजमल B. भारमल C. टोडरमल D. सुख जीवनमल

20. इनमें से कौन सा तलछटी चट्टान का उदाहरण **नहीं** है?

A. शेल B. लोएस C. हेलाइट D. साएनाइट

21. किशोर न्याय (बालक की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 2(45) के अनुसार, "छोटे अपराधों (petty offences)" में वे अपराध शामिल होते हैं जिनके लिए भारतीय दंड संहिता (1860 के 45) या उस समय के किसी अन्य कानून के तहत अधिकतम __________ की कारावास की सजा दी जाती है।

A. तीन माह B. तीन वर्ष C. एक वर्ष D. एक माह

22. विभाजित भारत की संविधान सभा के सदस्यों का चयन किसके द्वारा किया गया था?

A. अप्रत्यक्ष निर्वाचन B. प्रत्यक्ष निर्वाचन
C. नामांकन D. अध्यक्ष

23. दिए गए विकल्पों में से वह संख्या चुनिए जिसका सम्बन्ध तीसरी संख्या से वही है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है।

7 : 350 : : 6 : ?

A. 224 B. 222 C. 210 D. 250


Teachingninja.in

24. राजस्थान किसान ऋण माफी / कृषि ऋण माफी योजना 2019 के अंतर्गत, किसान रू. ______ तक के ऋण की माफी के लिए आवेदन कर सकते हैं।

A. 1 लाख B. 75,000 C. 2 लाख D. 50,000

25. निम्नलिखित में से कौन-सा, एक इम्पैक्ट प्रिंटर है और आमतौर पर जिसका उपयोग पे-रोल और अकाउंटिंग जैसे अनुप्रयोगों (applications) में छपाई के लिए किया जाता है?

A. प्लॉटर
B. लेजर प्रिंटर
C. इंकजेट प्रिंटर
D. डॉट-मैट्रिक्स प्रिंटर

26. राजस्थान की 19वीं पशुधन गणना के अनुसार, राजस्थान के किस जिले में पशुधन की संख्या सबसे अधिक थी?

A. पाली B. बूंदी C. बाड़मेर D. दौसा

27. भारतीय दंड संहिता, 1860 के अंतर्गत 'दहेज मृत्यु' को किस अध्याय के अंतर्गत रखा गया है?

A. विवाह के खिलाफ अपराध
B. कानून और न्याय के खिलाफ अपराध
C. सार्वजनिक उपद्रव के खिलाफ अपराध
D. मानव शरीर को प्रभावित करने वाले अपराध

28. भीनमाल सभ्यता का पता रतनचन्द्र अग्रवाल द्वारा वर्ष 1953-54 ई. में सबसे पहले राजस्थान के किस ज़िले में लगाया गया?

A. बैराठ B. जालौर C. अलवर D. प्रतापगढ़

29. राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की स्थापना किस वर्ष हुई?

A. 1982 B. 1980 C. 1986 D. 1988


Teachingninja.in

30. जनगणना 2011 के अनुसार, किस राज्य का लिंगानुपात सर्वाधिक है?

A. पुदुच्चेरी B. चंडीगढ़ C. केरल D. मेघालय

31. 2021 का आईसीसी टी-20 पुरुष विश्वकप किस देश ने जीता?

A. न्यूजीलैंड B. इंग्लैंड C. दक्षिण अफ्रीका D. ऑस्ट्रेलिया

32. रेशमा, शानू की एकमात्र अविवाहित बहन की भाभी है। महविश शानू की माँ है और नावेद की पत्नी है। शानू, नावेद का इकलौता पुत्र है। रेशमा का शानू से क्या सम्बन्ध है?

A. बहू B. माँ C. बहन D. पत्नी

33. निम्नलिखित में से लिनक्स का /के प्रसिद्द विक्रेता कौन है/हैं?

(i) रेड हैट (red hat) (ii) नोवेल (novell)

A. केवल (i)
B. केवल (ii)
C. (i) और (ii) दोनों
D. ना तो (i) न ही (ii)

34. दी गयी श्रृंखला में कौन-सी संख्या प्रश्नवाचक चिह्न को प्रतिस्थापित करेगी?

378, 355, 332, 309, ?

A. 258 B. 256 C. 278 D. 286

35. घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005 के अंतर्गत दिया गया कोई भी आदेश ________ होगा।

A. पूरे विश्व में लागू
B. जम्मू और कश्मीर राज्य को छोड़कर पूरे भारत में लागू
C. पूरे भारत में लागू
D. केवल संबंधित राज्य में लागू




Teachingninja.in

36. निम्नलिखित में कौन-सा इनपुट डिवाइस मुख्य रूप से टेक्स्ट डेटा दर्ज करने के लिए प्रयोग किया जाता है?

A. कीबोर्ड B. माउस C. लाइट पेन D. जॉय स्टिक

37. नीचे एक पासे की तीन स्थितियां दिखाई गयी हैं। OC वाले फलक के विपरीत फलक पर कौन से अक्षर होने चाहिए?




A. KC B. CA C. GC D. DC

38. एक निश्चित कूट भाषा में, 'DOUBT' को 6-4-5-4-22 लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'RIGHT' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. 20-2-7-8-22
B. 18-3-9-8-22
C. 20-3-9-10-22
D. 18-2-9-10-22

39. निम्नलिखित में से कौन-सा हाथ से पकड़ने वाला (hand-held) एक छोटा डिवाइस है जिसके ऊपरी हिस्से में दो या तीन बटन होते हैं?

A. ट्रैकबॉल B. लाइट पेन C. बारकोड रीडर D. माउस

40. आग्नेय चट्टान किस घटक के ठोस बनने से निर्मित होती है?

A. मैग्मा और लावा
B. मैग्मा और मिट्टी
C. मिट्टी और लावा
D. लावा और कंकड़

41. धनगरी गजा नृत्य किस राज्य से संबंधित है?

A. कर्नाटक B. महाराष्ट्र C. आंध्र प्रदेश D. केरल



Teachingninja.in

42. निम्नलिखित में कौन-सी राजस्थान के शिवी जनपद की राजधानी थी?

A. धौलपुर B. मध्यमिका C. विराटनगरी D. इन्द्रप्रस्थ

43. संविधान में अवशिष्ट शक्तियों का विचार कहाँ से ग्रहण किया गया है?

A. आयरलैंड का संविधान
B. संयुक्त राज्य अमेरिका का संविधान
C. कनाडा का संविधान
D. रूस का संविधान

44. राजस्थान में पाई जाने वाली उस्ता कला क्या है?

A. संगमरमर के पत्थर पर पच्चीकारी
B. चौकोर चेक पैटर्न में कपास और रेशम का मिश्रण
C. संगमरमर के पत्थर पर मीनाकारी
D. ऊँट के चमड़े पर सोने की मीनाकारी

45. राजस्थान दुग्ध सहकारी संघ की स्थापना कब हुई?

A. 1973 B. 1977 C. 1988 D. 1968

46. संविधान का कौनसा अनुच्छेद कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति से संबंधित है?

A. 126 B. 123 C. 137 D. 146

47. राजस्थान में गुर्जर समुदाय की महिलाओं द्वारा किया जाने वाला कौन सा नृत्य उनके दैनिक जीवन में पानी इकट्ठा करने की कला चित्रित करता है?

A. चरी B. घूमर C. गवरी D. तेरह ताली

48. निम्नलिखित में से किस स्थान पर मत्स्य उत्सव आयोजित होता है?

A. उदयपुर B. अलवर C. जयपुर D. जोधपुर


Teachingninja.in

49. जब भी किसी गैर-कानूनी समूह या उसके किसी सदस्य द्वारा बल या हिंसा का प्रयोग किया जाता है, तो ऐसे समूह के सामान्य उद्देश्य के अभियोग में, उसका प्रत्येक सदस्य निम्नलिखित में से किस अपराध का दोषी होता है?

A. हमला करने
B. चोट पहुँचाने
C. दंगा
D. बलवा

50. जमवा रामगढ वन्यजीव अभ्यारण्य किस राज्य में स्थित है?

A. राजस्थान B. असम C. बिहार D. पंजाब

51. किसी निर्धारित कोडभाषा में BOTANY का कोड CQUCOA है, तो WINDOW का कोड क्या होगा?

A. XKPFPY B. XKOEPY C. XKOFQY D. XKOFPY

52. 1857 के विद्रोह के समय कोटा प्रान्त का राजनीतिक एजेंट कौन था?

A. मेजर बर्टन B. मैक मेसों C. कर्नल मोरिसन D. जे.डी. हॉल

53. इनमें से किस राज्य में दो सदनों वाला विधानमंडल **नहीं** है?

A. बिहार B. तेलंगाना C. महाराष्ट्र D. ओडिशा

54. FAT, विन्डोज़ द्वारा डिस्क-फॉर्मेटिंग के लिए आम तौर पर प्रयोग में लिया जाने वाला लॉजिकल फॉर्मेट है। FAT का पूर्ण रूप क्या है?

A. फ़ाइल एलोकेशन टास्क
B. फ़ाइल एलोकेशन टेबल
C. फ़ाइल अल्टरेशन टेबल
D. फ़ाइल अल्टरेशन टास्क

55. निम्नलिखित में से किस संगीतकार का संबंध 'ध्रुपद' से है?

A. स्वामी हरिदास
B. सदारंग
C. श्यामा शास्त्री
D. स्वाति तिरुनाल राम वर्मा


Teachingninja.in

56. जोधपुर में पीने के पानी के बर्तनों में कपड़े या चमड़े की एक परत को लपेटा जाता है। इन्हें क्या कहते हैं?

A. बदले B. थेवा C. संगामेरी D. दाबू

57. निम्नलिखित में से किसने 1870-1905 के दौरान ब्रिटिश शासन का आर्थिक विश्लेषण किया और भारतीयों की एक पूरी पीढ़ी को आधुनिक औद्योगिक विकास का मूल्य समझाया?

A. डब्ल्यू सी बनर्जी
B. एस सी बोस
C. पी आनंद चर्लू
D. महादेव गोविन्द रानाडे

58. निम्नलिखित में से क्या भारतीय संविधान की संघीय सूची का हिस्सा **नहीं** है?

A. मत्स्यपालन
B. संयुक्त राष्ट्र संगठन
C. युद्ध और शांति
D. विदेशी क्षेत्राधिकार

59. किसी निर्धारित कोडभाषा में DESCEND का कोड 451935144 है, तो DISSIPATE का कोड क्या होगा?

A. 4919199616205
B. 4919919161205
C. 4919999161205
D. 4919199161205

60. निम्नलिखित में से किसमें न केवल स्तोत्र हैं बल्कि तत्कालीन सामाजिक और राजनीतिक वातावरण को दर्शाते हुए उनके पाठ के साथ अनुष्ठान भी हैं?

A. सामवेद B. अथर्ववेद C. ऋग्वेद D. यजुर्वेद

61. विन्डोज़ ऑपरेटिंग सिस्टम के बहुत से वर्ज़न NTFS का प्रयोग करते हैं। NTFS का पूर्ण रूप क्या है?

A. नैवे टेक्नोलॉजी फाइल सिस्टम
B. नैवे टेक्निकल फाइल सिस्टम
C. न्यू टेक्नोलॉजी फाइल सिस्टम
D. न्यू ट्रांसफॉर्मेशन फाइल सिस्टम



Teachingninja.in

62. चार अक्षर समूह दिए गए हैं जिनमें से तीन कुछ अर्थों में एक जैसे हैं, जबकि एक भिन्न है। उस अक्षर समूह का चयन कीजिये जो शेष से भिन्न है।

A. CHM B. EJO C. KPU D. SXD

63. राजस्थान राज्य _______ कृषि-जलवायु क्षेत्रों के अंतर्गत आता है।

A. छः B. चार C. तीन D. सात

64. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(i) सेकेंडरी मेमोरी में संग्रहीत डेटा और निर्देशों को प्राथमिक मेमोरी की तुलना में एक्सेस करने में अधिक समय लगता है।

(ii) हार्ड डिस्क, सीडी-रोम और ऑप्टिकल डिस्क ड्राइव डायरेक्ट एक्सेस विधि का उपयोग करते हैं।

A. केवल (i)
B. केवल (ii)
C. (i) एवं (ii) दोनों
D. न तो (i) न ही (ii)

65. निम्नलिखित में से कौन-सा राजस्थान का वह प्रसिद्ध पर्व है, जिसमें विवाहित और अविवाहित स्त्रियाँ, शिव और पार्वती की मूर्तियों की पूजा करती हैं?

A. वट पूर्णिमा
B. तीज पर्व
C. हरियाली अमावस्या
D. गणगौर उत्सव

66. नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन है, जिसके दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथन को सही मानते हुए उपयुक्त निष्कर्ष का चुनाव करें।

**कथन:** यू-ट्यूब चैनेल शिक्षाप्रद वीडियो और कक्षाओं के अच्छे स्रोत हैं।

**निष्कर्ष:**

I) कक्षा 10 के छात्र अपनी पढाई के लिए यू-ट्यूब चैनेल का उपयोग कर रहे हैं।

II) यू-ट्यूब, कोचिंग संस्थानों की तुलना में सस्ता है।

A. केवल निष्कर्ष (I) उपयुक्त है ।

B. केवल निष्कर्ष (II) उपयुक्त है।

C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों उपयुक्त नहीं है।

D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों उपयुक्त है।


Teachingninja.in

67. निम्नांकित आकृति का दर्पण प्रतिबिम्ब क्या होगा, यदि दर्पण को दाईं ओर रखा जाता है?



A. 

B. 

C. 

D. 

68. बूंदी के 19वीं सदी के वह कवि कौन हैं जो ''राजस्थान भूषण'' के रूप में जाने जाते हैं क्योंकि उन्होंने वीर सत्सई और वंश भास्कर के माध्यम से वीरकाव्य को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया था?

A. रामनाथ कविया
B. सूर्यमल्ल मिश्रण
C. अथ्युधन महरिया
D. चंद्र सिंह

69. निम्नलिखित में से भारत की किस महिला को 2021 में वर्ल्ड एथलेटिक्स द्वारा वुमन ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया?

A. साइना नेहवाल
B. अंजू बॉबी जॉर्ज
C. मनिका बत्रा
D. सानिया मिर्ज़ा

70. यौन शोषण से बच्चों का संरक्षण (POCSO अधिनियम), 2012 की धारा 12 के अनुसार, किसी बच्चे के साथ यौन उत्पीड़न करने वाले व्यक्ति पर कारावास का प्रावधान है, जो _________ तक का हो सकता है, साथ ही उसे अर्थदंड भी दिया जा सकता है।

A. दो वर्ष
B. एक वर्ष
C. तीन वर्ष
D. पाँच वर्ष



Teachingninja.in

71. पूर्व-गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (PCPNDT) अधिनियम 1994 की धारा 2 (bc) के अनुसार, "भ्रूण" का अर्थ, उस मानव जीव से है जिसका समय गर्भ में निषेचन या सर्जन के बाद _______ से शुरू होकर (किसी भी ऐसे समय को छोड़कर जिसमें इसका विकास निलंबित हुआ हो) उसके जन्म पर समाप्त होता है।

A. सैंतालीसवें दिन
B. सत्ताईसवें दिन
C. सैंतीसवें दिन
D. सड़सठवें दिन

72. राठौर शासक राव जोधा ने जोधपुर में 1458 में किस किले की नींव रखी थी?

A. नाहरगढ़
B. जयगढ़
C. अम्बर
D. मेहरानगढ़

73. ______ के तहत राजस्थान सरकार राजस्थान के मूल निवासियों को कन्या के जन्म पर 50,000 की सब्सिडी प्रदान करती है।

A. मुख्यमंत्री राजकुमारी योजना
B. मुख्यमंत्री राजश्री योजना
C. मुख्यमंत्री सुकन्या योजना
D. मुख्यमंत्री लक्ष्मी योजना

74. निम्नलिखित में से कौन-सी, कैश मेमोरी (cache memory) की मान्य श्रेणी **नहीं** है?

A. L1 कैश
B. L2 कैश
C. L3 कैश
D. L4 कैश

75. राजस्थान के किस मंदिर का निर्माण भांडाशाह ओसवाल द्वारा वर्ष 1468 में शुरू करवाया गया था और यह वर्ष 1514 में पूरा हुआ था?

A. मेवराबाई मंदिर
B. पार्श्वनाथ जैन मंदिर
C. भंडासर जैन मंदिर
D. श्रीनाथजी मंदिर

76. किसानों के समर्थन में आंदोलन शुरू करने वाली मारवाड़ लोकपरिषद की स्थापना किस वर्ष हुई थी?

A. 1938
B. 1934
C. 1921
D. 1944



Teachingninja.in

77. किसी निर्धारित कोडभाषा में HOUSE का कोड I45T2 है, तो BLADE का कोड क्या होगा?

A. CM1E2 B. AOBE2 C. BO122 D. CO1EF

78. दी गयी श्रृंखला में कौन-सा वर्णांक प्रश्नवाचक चिह्न को प्रतिस्थापित करेगा?

23K, 28I, 34G, 41E, ?

A. 49F B. 49C C. C49 D. 4C9

79. निम्नलिखित में से कौन-सी ऑपरेटिंग सिस्टम उपयोगकर्ताओं को ग्राफ़िकल यूजर इंटरफ़ेस (जीयूआई) और मल्टी टास्किंग की क्षमता प्रदान करती है?

A. विंडोज और एमएस-डॉस 2.0 दोनों
B. लिनक्स और एमएस-डॉस 2.0 दोनों
C. लिनक्स और विंडोज दोनों
D. केवल एमएस-डॉस 2.0

80. अगस्त 2002 में पूर्ववर्ती राजस्थान ऊर्जा विकास अभिकरण (REDA) और राजस्थान राज्य विद्युत् निगम लिमिटेड (RSPCL) का विलय कर निम्नलिखित में से कौन-सा विभाग बनाया गया?

A. राजस्थान ऊर्जा निगम लिमिटेड
B. राजस्थान अक्षय ऊर्जा विकास निगम
C. राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड
D. राजस्थान क्षेत्रीय ऊर्जा विकास निगम

81. 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान राज्य में पुरुष साक्षरता दर ______ प्रतिशत थी, जबकि महिला साक्षरता 52.12 प्रतिशत थी।

A. 79.19 B. 55.15 C. 29.11 D. 11.12

82. 1926 ई. में बूँदी कृषक आन्दोलन का नेतृत्व किसने किया था?

A. रामनारायण चौधरी
B. नाथूराम शर्मा
C. मोतीलाल तेजावत
D. कुम्भाराम आर्य



Teachingninja.in

83. 'पास्कल', 'दाब' से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार 'न्यूटन' _______ से संबंधित है।

A. द्रव्यमान B. बल C. चुंबकीय क्षेत्र D. ऊर्जा

84. दिल्ली का वह मध्यकालीन शासक कौन था जो मूलतः तुर्की से था और जिसकी मौत पोलो (जिसे भारत में चौगान के नाम से जाना जाता है) खेलते वक़्त घोड़े से गिरने के कारण हुई थी?

A. रज़िया सुल्तान B. कुतुबुद्दीन ऐबक C. इल्तुतमिश D. शेरशाह सूरी

85. 2018-19 के कृषि आंकड़ों के अनुसार राजस्थान के कुल सिंचित क्षेत्र में से लगभग 36 प्रतिशत ______ के अंतर्गत आता है।

A. सरसों B. गेहूँ C. चना D. बाजरा

86. माही नदी के पानी का उपयोग बिजली और सिंचाई के विकास हेतु किए जाने के लिए राजस्थान और गुजरात की संयुक्त बहुउद्देश्यीय उद्यम परियोजना कौन सी है?

A. जवाहर सागर बाँध परियोजना
B. सोम कमला अम्बा सिंचाई परियोजना
C. माही बजाज सागर परियोजना
D. जरखम माही परियोजना

87. निम्नलिखित में कौन-सी सिंधु नदी की हिमालयी सहायक नदी **नहीं** है?

A. गिलगिट B. द्रास C. गोरतांग D. जोंक

88. 734 ई. तक राजस्थान में मौर्य वंश का शासक कौन था, जो बाद में बप्पा रावल द्वारा मारा गया था?

A. नागभट्ट B. मान मोरी C. भिल्लुका D. कक्कुका



Teachingninja.in

89. लिनक्स ओएस के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?

(i) लिनक्स विभिन्न उपयोगकर्ताओं और प्रक्रमकों (प्रोसेसर्स) को सपोर्ट करता है।
(ii) लिनक्स, जीएनयू (GNU) सार्वजनिक लाईसेंस के तहत कॉपीराइट है।
(iii) लिनक्स जीयूआई (GUI) को सपोर्ट नहीं करता।

A. केवल (i) और (ii)
B. केवल (ii) और (iii)
C. केवल (i)
D. केवल (iii)

90. सितंबर 2021 में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 2020 में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बलात्कार से सबसे ज्यादा 5,310 मामले ________ में दर्ज किए गए।

A. उत्तर प्रदेश
B. मध्य प्रदेश
C. राजस्थान
D. महाराष्ट्र

91. इनमें से कौन बिजौलिया किसान सत्याग्रह से संबद्ध है?

A. साधु सीताराम दास
B. साधु राम नाथ
C. साधु कुमार स्वामी
D. साधु श्री रूप

92. भारतीय जनगणना 2011 के आयुक्त और महापंजीयक कौन थे?

A. श्री सी. चंद्रमौली
B. श्री विवेक जोशी
C. श्री डब्ल्यू. डब्ल्यू. प्लॉवडेन
D. श्री ई.ए. गेट

93. चार संख्याएं दी गई हैं जिनमें से तीन कुछ अर्थों में एक जैसी हैं, जबकि एक भिन्न है। उस संख्या का चयन कीजिये जो शेष से भिन्न है।

A. 424
B. 664
C. 466
D. 844

94. स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय इनमें से किस शहर में स्थित है?

A. बीकानेर
B. अलवर
C. कोटा
D. उदयपुर



Teachingninja.in

95. एक व्यक्ति उत्तर दिशा में 8 किलोमीटर की यात्रा करता है, फिर वह दाहिने घूम कर 10 किलोमीटर की यात्रा और करता है। पुनः दाहिने घूम कर 12 किलोमीटर जाता है। अंत में वह पुनः दायें घूमता है, और 15 किलोमीटर की यात्रा करता है। बताइये, इस समय वह अपने प्रस्थान बिंदु से किस अनुमानित दिशा में है?

A. उत्तर-पश्चिम
B. दक्षिण-पूर्व
C. दक्षिण-पश्चिम
D. उत्तर-पूर्व

96. निम्नलिखित में से वह कौन-सी मेमोरी है जिसे डेटा प्रोसेसिंग के समय डेटा और संकेतों को संगृहीत करने के लिए सीपीयू द्वारा प्रयोग किया जाता है?

A. सहायक मेमोरी (Auxiliary memory)
B. प्राथमिक मेमोरी (Primary memory)
C. द्वितीयक मेमोरी (Secondary memory)
D. तृतीयक मेमोरी (Tertiary Memory)

97. दिए गए विकल्पों में से वह संख्या चुनिए जिसका सम्बन्ध तीसरी संख्या से वही है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है।

17 : 361 : : 23 : ?

A. 125
B. 625
C. 460
D. 529

98. नीचे एक कथन और I एवं II से क्रमांकित दो निष्कर्ष दिए गए है। कथन को सत्य मानते हुए यह निर्णय कीजिये कि कौन-सा/से निष्कर्ष कथन का अनुसरण करता है/ करते हैं।

**कथन:** बाज़ार में पेट्रोल की कीमतें आसमान छू रही है।

**निष्कर्ष:**
I. पेट्रोल एक दुर्लभ वस्तु बनती जा रही है।
II. लोगों को जैविक इंधन का प्रयोग करना चाहिए।

A. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
B. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
C. न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
D. निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।


Teachingninja.in

99. निम्नलिखित में से कौन-सी ऑपरेटिंग सिस्टम विंडोज एनटी (Windows NT) परिवार का हिस्सा **नहीं** है?

A. विंडोज 2000 B. विंडोज एक्सपी C. विंडोज 10 D विंडोज 3.0

100. 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से किस राज्य में अनुसूचित जाति की जनसंख्या शून्य है?

A. बिहार B. राजस्थान C. नागालैंड D. मणिपुर


101. सती (निवारण) अधिनियम 1987 की धारा 6 के अनुसार, सती से संबंधित अपराधों को रोकने की शक्ति किसे दी गई है?

A. जिला मजिस्ट्रेट
B. जिला न्यायाधीश
C. महानगर दंडाधिकारी
D. पुलिस अधीक्षक

102. राजस्थान राज्य सड़क विकास कोष अधिनियम कब लागू हुआ?

A. 2007 B. 1999 C. 2000 D. 2004

103. दिए गए चित्र में कितने त्रिभुज हैं?



A. 18 त्रिभुज B. 13 त्रिभुज C. 14 त्रिभुज D. 16 त्रिभुज



Teachingninja.in

104. नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन है जिसके दो तर्क I और II दिए गए हैं। दिए गए कथन को सही मानते हुए निर्णय करें कि कौन सा तर्क प्रबल है।

**कथन:** क्या राष्ट्रीय स्तर की सभी परीक्षाओं में, स्कूल प्रश्न पत्र हिंदी में होने चाहिए?

**तर्क:**
I. हाँ, यह हिंदी की स्थिति सुधारने में सहयोगी होगा।
II. नहीं, राज्यानुसार छात्र अपनी मातृभाषा में ज्यादा सहज महसूस करेंगे।

A. केवल तर्क (I) प्रबल है।
B. केवल तर्क (II) प्रबल है।
C. तर्क (I) और (II) दोनों प्रबल नहीं हैं।
D. तर्क (I) और (II) दोनों प्रबल हैं।

105. निम्नलिखित में से कौन-सा, एमएस-वर्ड 2007 के मुख्य स्क्रीन/विंडो का एक अवयव **नहीं** है?

A. स्टेटस बार
B. रिबन
C. फार्मूला बार
D. रूलर बार

106. राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग 23 मार्च 2000 से अपने पहले अध्यक्ष ______ की नियुक्ति के साथ कार्यशील हो गया था।

A. जस्टिस आर. के. अकोदिया
B. जस्टिस सुश्री कांता भटनागर
C. जस्टिस आलम शाह खान
D. जस्टिस बी. एल. जोशी

107. मृदा संस्तर के सन्दर्भ में ‘O-संस्तर’ क्या है?

A. मृदा की सबसे ऊपरी जैविक परत
B. मृदा की सबसे निचली जैविक परत
C. अधोमृदा (नीचे की मिट्टी)
D. अधोमृदा के नीचे का भाग

108. एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है, 'A, B के पिता है'
A - B का अर्थ है, 'A, B की माँ है'
A ÷ B का अर्थ है 'A, B की पुत्री है'
यदि, R – S ÷ V + P है, तो R का P से क्या संबंध है?

A. भाई
B. बहन
C. पुत्री
D. माँ



Teachingninja.in

109. एमएस-वर्ड 2007 के संबंध में नीचे दिए गए कथनों में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?

(i) होम टैब में पांच समूह होते हैं, जो इस प्रकार है- क्लिप बोर्ड, फॉण्ट, पैराग्राफ, स्टाइल्स और एडिटिंग।

(ii) रूलर बार टैब्स, इंडेंट्स और मार्जिन्स को समायोजित करके किसी डोक्यूमेंट में टेक्स्ट के क्षैतिज और लम्बवत संरेखण की फोर्मेटिंग हेतु अनुमति देता है।

A. केवल (i)
B. केवल (ii)
C. (i) और (ii) दोनों
D. न तो (i) न ही (ii)

110. निम्नलिखित में से कौन-सा आहड़-बनास संस्कृति का पुरातात्विक स्थल है, जो राजस्थान के उदयपुर जिले की वल्लभनगर तहसील में स्थित है?

A. बदर
B. बख्तपुरा
C. अकबरपुर
D. बालाथल

111. राजस्थान के पाली में बालिकाओं से संबंधित दाती सुमंगला योजना सरकार द्वारा 10 नवंबर ______ को प्रारम्भ की गई थी।

A. 2011
B. 2010
C. 2013
D. 2015

112. 1947 के पहले देश के एकमात्र लौह एवं इस्पात संयंत्र का नाम क्या है?

A. टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी
B. इंडियन आयरन एंड स्टील कंपनी
C. जिंदल साउथ वेस्ट स्टील
D. दुर्गापुर स्टील प्लांट

113. टेक्स्ट आधारित डोक्यूमेंट के निर्माण हेतु निम्नांकित में से किसका प्रयोग किया जाता है?

A. सिस्टम यूटिलिटीज
B. एंटीवायरस सॉफ्ट वेयर
C. वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर
D. स्प्रेड शीट

114. निम्नलिखित में से वह कौन-सी प्रणाली है, जो वास्तविक डेटा प्रोसेसिंग न करके, एक पर्यवेक्षक के रूप में, कंप्यूटर की अन्य इकाइयों के मध्य नियंत्रण और समन्वयन का कार्य करती है?

A. एएलयू (ALU)
B. कण्ट्रोल यूनिट
C. सिस्टम बस
D. सीपीयू रजिस्टर (CPU रजिस्टर)



Teachingninja.in

115. निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली की शुरुआत 15वीं शताब्दी में असम के महान वैष्णव संत और सुधारक महापुरुष शंकरदेव ने की थी?

A. लावणी B. कथक C. सत्रीया D. मोहिनीअट्टम

116. इनमें से कौन-सी धातु शरीर के तापमान पर पिघल जाएगी?

A. गैलियम और सीज़ियम
B. पोटेशियम और आयोडीन
C. कैल्शियम और रूबिडियम
D. सोडियम और मैग्नीशियम

117. रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान राजस्थान के किस ज़िले में स्थित है?

A. सवाई माधोपुर
B. कोटा
C. जैसलमेर
D. चित्तौड़गढ़

118. निम्नलिखित में से कौन-सा शासी निकाय वर्ल्ड वाइड वेब के लिए प्रौद्योगिकी विकास हेतु उत्तरदायी है?

A. आई ए बी (IAB)
B. आई इ टी एफ (IETF)
C. डब्ल्यू 3 सी (W3C)
D. आई ए एन ए (IANA)

119. इनमें से किस प्रमुख अनुभवी व्यक्ति ने दक्षिण भारत में नमक सत्याग्रह का नेतृत्व किया था?

A. सी. राजगोपालाचारी
B. बालकृष्ण नायर
C. धीरन चिन्नमलै
D. सुब्रह्मण्य भारती

120. वर्ष 2000 तक इनमें से किस भवन को राजस्थान विधान सभा के रूप में उपयोग किया जा रहा था?

A. सवाई प्रताप सिंह टाउन हॉल
B. सवाई करण सिंह टाउन हॉल
C. सवाई जय सिंह टाउन हॉल
D. सवाई मान सिंह टाउन हॉल



Teachingninja.in

121. एमएस एक्सेल के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?

(i) वर्कबुक एक एक्सेल फाइल है, जिसमें एक या एक से अधिक वर्कशीट होती हैं।
(ii) वर्कशीट, वर्कबुक मे एकल डोक्यूमेंट है और जिसका नाम नहीं बदला जा सकता है।

A. केवल (i)
B. केवल (ii)
C. (i) और (ii) दोनों
D. न तो (i) न ही (ii)

122. एक व्यक्ति पूर्व की ओर 20 किमी चलता है। वह बाएं मुड़ता है तथा 20 किमी और चलता है। वह पुनः दायें मुड़ता है और 20 किमी चलता है। अंत में वह दायें मुड़ता है और 20 किमी चलता है। प्रारम्भिक बिंदु एवं अंतिम बिंदु के बीच की दूरी कितनी है?

A. 4 किमी
B. 40 किमी
C. 80 किमी
D. 60 किमी

123. निम्नलिखित में से कौन बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक 2022 में (क्वालिफाइंग द्वारा) स्थान प्राप्त करने वाला एकमात्र स्की रेसर बन गया है?

A. एम सामी
B. वी राजू
C. आरिफ खान
D. राज्यवर्धन सिंह

124. गुर्जर प्रतिहारों की राजधानी किस स्थान पर थी, जो जालौर में भीनमाल का एक पुराना नाम भी था?

A. इन्द्रप्रस्थ
B. श्रीमाल
C. गंगानगर
D. बैराठ

125. निम्नलिखित में से राजस्थान का कौन-सा शहर ब्लैक पॉटरी के लिए प्रसिद्ध है?

A. सवाई माधोपुर
B. कोटपूतली
C. भिवाड़ी
D. झुंझुनू

126. कौन-सी अल्फ़ान्यूमेरिकल संख्या दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न का स्थान लेगी?

15S, 19X, 23C, 27H, ?

A. 31N
B. 31M
C. 29J
D. 32O



Teachingninja.in

127. राजस्थान के कौन-से दो युवा चेंज-मेकर्स प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार 2020 के लिए नामांकित किए गए थे?

A. यशोदा और पूनम
B. पूनम और नाज़रीन
C. जशोदा और वसुंधरा
D. नौशीन और पूनम

128. जे.के. पुरम जो कि जे.के. लक्ष्मी सीमेंट विनिर्माण इकाई के रूप में जाना जाता है, ______ जिले में है।

A. पाली
B. टोंक
C. सीकर
D. सिरोही

129. सीपीयू रजिस्टर के आकार (साइज़) को ________ भी कहा जाता है, और यह किसी भी दिए गए समय पर डेटा की मात्रा को इंगित करता है, जिसके साथ कंप्यूटर कार्य करता है।

A. शब्द का आकार (Word size)
B. कैश मेमोरी का आकार (Cache memory size)
C. सिस्टम बस का आकार (System bus size)
D. भण्डारण क्षमता (Storage capacity)

130. 'खोरदाद साल' नाम का पर्व ______ से संबंधित है।

A. पारसी समुदाय
B. हिन्दू समुदाय
C. इस्लाम समुदाय
D. ईसाई समुदाय

131. महाराणा जगत सिंह द्वारा निर्मित जगदीश मंदिर राजस्थान के किस शहर में स्थित है?

A. जयपुर
B. उदयपुर
C. कोटा
D. अलवर

132. निम्नलिखित में से वह कौन-सा स्थान है, जिसे राजस्थान में 'छोटी काशी' नाम से जाना जाता है?

A. बूंदी
B. रणथम्भोर
C. अलवर
D. बीकानेर


Teachingninja.in

133. बाल और किशोर श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम 1986 (जैसा कि 2016 में सम्मिलित किया गया) की धारा 14 A के अनुसार, नियोक्ता द्वारा किया गया और धारा 3 या धारा 3A के तहत दंडनीय कोई भी अपराध ________ होगा।

A. गैर संज्ञेय
B. माफ़ी लायक
C. समझौते योग्य
D. संज्ञेय

134. सिस्टम सॉफ्टवेयर का/के निम्नलिखित में से कौन-सा/से उद्देश्य है/हैं?

(i) कंप्यूटर को बुनियादी कार्यक्षमता प्रदान करना।
(ii) कंप्यूटर हार्डवेयर को नियंत्रित करना।
(iii) यूजर, एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर और कंप्यूटर हार्डवेयर के बीच इंटरफेस के रूप में कार्य करना।

A. केवल (i) और (ii)
B. केवल (i) और (iii)
C. केवल (ii) और (iii)
D. (i), (ii) और (iii)

135. निम्न प्रश्न में एक कथन और उसकी पुष्टि करते हुए दो तर्क I एवं II दिए गए हैं| कथन को सत्य मानते हुए निर्णय कीजिये कि कौन-सा तर्क सटीक है।


**कथन:** क्या रेलवे टिकट सभी यात्रियों के लिए निःशुल्क कर देना चाहिए?

**तर्क:**
I. हाँ, इससे गरीब लोगों को घर पहुंचने में आसानी होगी।
II. नहीं, इससे रेलवे मंत्रालय की वित्तीय स्थिति में बाधा पहुंचेगी।

A. केवल तर्क I सटीक है।
B. केवल तर्क II सटीक है।
C. न तो तर्क I और न ही तर्क II सटीक है।
D. तर्क I एवं II दोनों सटीक हैं।


Teachingninja.in

136. दी गयी आकृति में 47 के विपरीत फ़लक पर कौन-सी संख्या होगी, यदि दी गई शीट को मोड़कर घन बना दिया जाता है?




A. 37 B. 41 C. 59 D. 43

137. श्री नारायण धर्म परिपालन सभा विशेष रूप से देश के किस भाग से संबंधित थी?

A. हिमाचल प्रदेश B. राजस्थान C. केरल D. मध्यप्रदेश

138. विन्डोज़-7 में, निम्नलिखित में से वह कौन-सा फीचर है जो आपको अपने टास्कबार पर स्थित विन्डोज़ का पूर्वावलोकन करने देता है, जिससे कि आप प्रतिदिन उपयोग किए जाने वाले ढेर सारे विन्डोज़ को और आसानी से देख सकें?

A. एरोशेक B. एरोपीक C. एरोस्नेप D. एरोफ़्लिप

139. कंप्यूटर की नेटवर्किंग की उत्पत्ति अमेरिकी विभाग DARPA से हुई है। DARPA का पूर्ण रूप क्या है?

A. डिफेंस एडवांस रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी
B. डिफेंस एडवांस रिसर्च प्रोग्राम्स एजेंसी
C. डिफेंस एक्सीलरेटिंग रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी
D. डिफेंस एक्सीलरेटिंग रिसर्च प्रोग्राम्स एजेंसी

140. निम्नलिखित में से कौन-सा, एक सॉफ्ट कॉपी आउटपुट डिवाइस है?

A. प्लॉटर B. इम्पैक्ट प्रिंटर
C. नॉन-इम्पैक्ट प्रिंटर D. मॉनिटर



Teachingninja.in

141. राजस्थान में सुपर क्रिटिकल तकनीक पर आधारित पहला थर्मल पावर प्लांट कौन-सा है?

A. छबड़ा पावर प्लांट
B. सूरतगढ़ पावर प्लांट
C. रामगढ़ पावर प्लांट
D. कालिंदी पावर प्लांट

142. गतका, जिसे हाल ही में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा खेलो इंडिया यूथ गेम्स में सम्मिलित किया गया है, किस राज्य से संबंधित है?

A. पंजाब
B. हरियाणा
C. दिल्ली
D. उत्तराखंड

143. भारतीय युद्ध कला थांग ता किस राज्य की है?

A. मणिपुर
B. नागालैंड
C. असम
D. त्रिपुरा

144. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा (53A) के अनुसार, शील या पूर्व लैंगिक अनुभव का प्रमाण ________

A. कुछ मामलों में प्रासंगिक है।
B. कुछ मामलों में प्रासंगिक नहीं है।
C. सिद्ध होने पर प्रासंगिक है।
D. सिद्ध होने पर भी प्रासंगिक नहीं है।

145. निम्नलिखित में से कौन लिनक्स का/के वितरक है/हैं?

(i) उबुन्टू (ubuntu) (ii) फेडोरा (fedora)

A. केवल (i)
B. केवल (ii)
C. (i) और (ii) दोनों
D. न तो (i) न ही (ii)

146. निम्नलिखित में से किसे दर्शनशास्त्र की एक शाखा 'सांख्य दर्शन' का मूल संस्थापक माना जाता है?

A. कपिल
B. अजातशत्रु
C. चार्वाक
D. मनु



Teachingninja.in

147. किसी निश्चित कोड भाषा में WHALE का कोड YJANG है, तो CHIRP का कोड क्या होगा?

A. EJITR B. EJLTR C. EIJTR D. EIITR

148. निम्नलिखित में से कौन-सा क़िला महान चौहान शासक पृथ्वीराज चौहान तृतीय ने बनवाया था?

A. कुम्भलगढ़ क़िला
B. रणथम्भोर क़िला
C. क़िला राय पिथौरा
D. गागरौन क़िला

149. इनपुट यूनिट का उपयोग करके दर्ज किया गया इनपुट डेटा ________ में संग्रहीत किया जाता है, और प्रोसेसिंग के बाद उत्पन्न आउटपुट डेटा आउटपुट डिवाइस पर भेजे जाने से पहले ________ में संग्रहीत किया जाता है।

A. रैम; रोम (RAM; ROM)
B. रोम; रैम (ROM; RAM)
C. रैम; रैम (RAM; RAM)
D. रोम; रोम (ROM; ROM)

150. एमएस-एक्सेल में ______ प्रतीक का प्रयोग कॉलम लेबल और पंक्ति संख्या से पहले पूर्ण सेल पता (Cell address) बनाने के लिए किया जाता है।

A. हैश (#) B. डॉलर ($) C. स्टार (*) D. ऐंपरसेंड (&)



Teachingninja.in

Teachingninja.in

Teachingninja.in

Teachingninja.in



Teachingninja.in